राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)
एयरपोर्ट रोड, गांधीनगर, भोपाल (म.प्र.)–462033
फोन : 0755–2734913, 2678897
ईमेल registrarrgpv@gmail.com, coeregistrar@rgtu.net
वेबसाईट : www.rgpv.ac.in

RAJIV GANDHI PROUDYOGIKI VISHWAVIDYALAYA
(State Technological University of Madhya Pradesh)
Airport Road, Gandhi Nagar, Bhopal (M.P.) - 462033
Phone: 0755 - 2734913, 2678897
Email : registrarrgpv@gmail.com, coeregistrar@rgtu.net
Website : www.rgpv.ac.in

क्रमांक / एफ–3 / प्रशा. / रागांप्रौवि / 2025 / 437 भोपाल, दिनांक 05 / 05 / 2025

प्रति,

चयनित प्रोजेक्ट टीम
(संलग्न सूची अनुसार)

विषयः– सृजन–इनोवेट एम.पी. 2025 अन्तर्गत प्रोजेक्ट के प्रदर्शन हेतु आमंत्रण।

महोदय / महोदया,

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि आपके संस्थान द्वारा प्रस्तुत प्रोजेक्ट का चयन सृजन–इनोवेट एम.पी.2025 कार्यक्रम के तहत आगामी 10–11, मई 2025 को राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल में आयोजित प्रोजेक्ट प्रदर्शनी हेतु किया गया है।

चयनित प्रोजेक्ट टीम से इस कार्यक्रम मे डिसप्ले के लिये अधिकतम् 02 स्टूडेंटस एवं 01 शिक्षक ही आमंत्रित है। चयनित टीम को 10 मई को प्रातः 6:00 बजे तक प्रदर्शनी स्थल पर पूर्ण तैयारी के साथ उपस्थित होना है। विस्तृत विवरण संस्था की लॉग–इन आईडी पर देखें। प्रत्येक टीम अपनी संस्था एवं प्रोजेक्ट से संबंधित 02 फ्लेक्स (Size- 6' X 4' एवं 3' X 2') साथ लेकर आये।

कृपया अपनी सहभागिता की पुष्टि ईमेल–srijan@rgpv.ac.in तथा संलग्न गूगल फॉर्म लिंक / QR Code के माध्यम से दिनांक 07 / 05 / 2025 सायं 5:00 बजे तक अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय को प्रेषित करें ताकि आपकी आवश्यक व्यवस्थाऐ की जा सके। टीम को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिये विश्वविद्यालय से कोई यात्रा भत्ता देय नही होगा।

आपकी सहभागिता इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

गूगल फॉर्म लिंक / QR Code :–

https://docs.google.com/forms/d/1u0_4oNodOl0z_Dg2FY_8R-O1oRKzJFOKCx92f5WyB7M/preview

कुलसचिव
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
भोपाल

क्रमांक / एफ–3 / प्रशा. / रागांप्रौवि / 2025 / 438 भोपाल, दिनांक 05 / 05 / 2025


प्रतिलिपि :– निज सहायक, माननीय कुलपति महोदय, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल।

कुलसचिव
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
भोपाल

**क्रियान्वयन**

तकनीकी शिक्षा, कौिल शिकास और रोजगार शिभाग (म.प्र.) िासन निीन पहल के अंतगगत सृजन के आधार पर संस्था में शिद्याशथगयों को िास्तशिक दुशनया का अनुभि प्रदान करने के शलए शिशभन्न प्रकार के प्रोजेक्ट्स पर कायग करिाया जा रहा है। शजससे शक शिद्याशथगयों को स्टाटगअप स्थाशपत करने में सहायता की जा सके। इसके अलािा शिद्याशथगयों को शिशभन्न उद्योगों में शिशजट करिा कर उद्योगों का औद्योशगक प्रशिक्षण भी शदया जा रहा है।

| S.No. | Programme Name | Sponsored by | Programme Conducting Date | Participate |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Green hydrogen Junior Technician, Training programme | SCGJ, New Delhi | 07/02/2025 To 01/04/2025 | 30 Students |
| 2 | Green hydrogen Junior Technician, Training programme | SCGJ, New Delhi | 01/03/2025 To 23/04/2025 | 30 Students |
| 3 | Suryamitra skill development Programme | NISE, New Delhi | 25/11/2024 To 25/02/2025 | 30 Students |
| 4 | Construction Material Testing | GPC, Agar | 01/04/2025 To 02/04/2025 | 30 Students |
| 5 | Project code computer on demand Education | GPC, Agar | 01/04/2025 To 15/05/2025 | 30 Students |
| 6. | Project participation in bhopal | GPC, Agar | 10-11/05/25 | 1 student |




शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा की सिविल ब्रांच की छात्रा कल्पना गवली को राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा आयोजित सृजन इनोवेट 2025 कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए संस्था परिवार की ओर से बहुत-बहुत बधाई तथा शुभकामनाएं।

blob:https://web.whatsapp.com/b6803f17-ad6a-4ae3-ba34-87455db6d462blob:https://web.whatsapp.com/b1d9a313-0c79-4bb8-93be-

दैनिक भास्कर शाजापुर 02-03-2025

# एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में रोजगार की दी जानकारी



एक दिवसीय महिला सशक्तिकरण प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थी व अन्य।

भास्कर संवाददाता | आगर-मालवा

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में हुनर इनोवेटिव कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय महिला सशक्तिकरण से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशेष अतिथि प्रोफेशनल ब्यूटीशियन सोनिया अग्रवाल एवं स्किल इंडिया सेंट्रल मैनेजर ममता बिरथरे ने छात्राओं एवं महिला व्याख्याताओं को अपने क्षेत्र में रोजगार के विभिन्न अवसरों के लिए प्रशिक्षण एवं व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें अपने क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। सोनिया अग्रवाल और ममता बिरथरे ने अपने अनुभव और ज्ञान साझा कर छात्राओं और महिला व्याख्याताओं को प्रेरित किया। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं और महिला व्याख्याताओं ने अपने क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त की और अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित हुईं। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय से मैकेनिकल विभाग अध्यक्ष मयूर शिखा पंचोली, रीना राजावत, मेघा जायसवाल, अदिति गुप्ता, दीपिका परमार, एकता जादौन, सीमा रावल तथा शीतल जैन मौजूद रहे।

- A one-day professional beautician course related to women's empowerment was organized by beautician Mrs. Monica Agarwal on 01/03/2025.

दैनिक भास्कर **शाजापुर 06-01-2025**

दैनिक भास्कर

# पॉलीटेक्निक की छात्रा ने संभाग स्तरीय युवा उत्सव में जीता रजत पदक



पदक प्राप्त करते हुए।

**भास्कर संवाददाता | आगर मालवा**

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा की छात्रा कल्पना गवली ने 28वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में संभाग स्तर पर एकल विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि न केवल कल्पना के लिए, बल्कि पूरे महाविद्यालय और आगर मालवा जिले के लिए गर्व की बात है। यह संभाग स्तरीय प्रतियोगिता माधव साइंस कॉलेज उज्जैन में आयोजित कि गई।

संभाग स्तरीय युवा उत्सव पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा की छात्रा कल्पना गवली ने एकल विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में, रोशन गवली ने कहानी लेखन प्रतियोगिता में, दिव्याश्री चंद्रावत, नित्या दीक्षित, केशवी परमार, पायल आर्य, नीतु गवली, शिवम चौहान, सुमित सूर्यवंशी, अयान खान, अंशुल सिरोलिया तथा विशाल परमार ने नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की। नृत्य प्रतियोगिता में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रस्तुति दी। कल्पना शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा में सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट की छात्रा है। कल्पना ने अपने मॉडल के बारे में बताया कि यह मॉडल हॉस्टल के अनुपयोगी, डिटर्जेंट युक्त जल को उपयोगी बनाकर सिंचाई के काम लेने के लिए बनाया गया है। इस मॉडल में सौर ऊर्जा के माध्यम से अनुपयोगी जल को उर्वरक युक्त उपयोगी जल में बदलने के लिए मोटर का उपयोग किया गया है। कल्पना की इस उपलब्धि पर पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के शिक्षक, परिवार के सदस्य और साथियों ने हर्ष व्यक्त किया। उन्हें आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जो भोपाल में 6 जनवरी से आयोजित होने वाली है के लिए बधाई दी। जानकारी संस्था के प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर ने दी।

➢ The student of our institution, Kalpana Gawli, secured the second position in the individual science model competition and was selected to participate in the state-level competition in Bhopal

**दैनिक भास्कर** शाजापुर 22-12-2024

**दैनिक भास्कर**

# विद्यार्थियों ने किया भ्रमण



भ्रमण के दौरान जानकारी प्राप्त करते बच्चे।

भास्कर संवाददाता | आगर मालवा

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा के विद्यार्थियों ने स्काईलार्क प्रोटीन प्राइवेट लिमिटेड, झलारा तहसील तराना का भ्रमण किया। मैनेजर संजय तिवारी तथा प्लांट के मैकेनिकल इंजीनियर भानू प्रताप सिंह तंवर ने विद्यार्थियों को प्लांट में चल रही विभिन्न प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस औद्योगिक भ्रमण के दौरान महाविद्यालय से व्याख्याता अचिन मदान तथा पीयूष मालवीय विद्यार्थियों के साथ रहे तथा उनका मार्गदर्शन किया। संस्था के प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी होते हैं। जिससे विद्यार्थियों को उद्योगों में चल रही नवीनतम गतिविधियों तथा वर्तमान तकनीकी के बारे में जानकारी प्राप्त होती है और वह अपने कॅरियर में उपलब्ध विभिन्न रोजगार के अवसरों को पहचान कर अपने कॅरियर को एक नई दिशा दे सकते हैं।

- Students visited to skylark protein pvt.ltd at Tarana based plant on industrial visit to gain industrial knowledge.

दैनिक भास्कर
शाजापुर 28-03-2025

# विद्यार्थियों को कराया औद्योगिक भ्रमण

## मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया

भास्कर संवाददाता | आगर मालवा



भ्रमण के दौरान विद्यार्थी व अन्य उपस्थितजन।

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा में भारतीय मानक ब्यूरो के तत्वावधान में महाविद्यालय के विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत सिलेंडर प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन का भ्रमण करवाया गया। इसमें सिलेंडर का निर्माण किस प्रकार से विभिन्न चरणों में संपादित किया जाता है के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के पूर्व संस्था प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर ने विद्यार्थियों को सिलेंडर के मानक विषय पर जागरूक किया। भारतीय मानक ब्यूरो के नोडल अधिकारी प्रताप सिंह कटारा ने भ्रमण कार्यक्रम का संचालन किया। संस्था परिवार की ओर से औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम में रीना राजावत, अंकित गौड़ एवं समीर मुल्तानी मौजूद थे। इसी तरह महाविद्यालय में भारत भारतीय मानक ब्यूरो के मापदंड पर आधारित मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। यह प्रतियोगिता लिक्विड पेट्रोलियम गैस के मानक निर्धारण विषय पर आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को जागरूक करना एवं विभिन्न उत्पादों, प्रक्रियाओं एवं सेवाओं के मानक किस प्रकार तैयार किए जाते हैं के बारे में जानकारी देना है। कार्यक्रम के दौरान संस्था प्राचार्य डॉ. तोमर ने मानक विषय पर विद्यार्थियों को जागरूक किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार टीम नीतू गवली एवं कल्पना गवली कंप्यूटर साइंस द्वितीय वर्ष, द्वितीय पुरस्कार अनु मालवीय, युक्ति जादम कंप्यूटर साइंस तृतीय वर्ष, तृतीय पुरस्कार विशाल प्रजापति मैकेनिकल द्वितीय वर्ष तथा चतुर्थ पुरस्कार निक्षय पाटीदार कंप्यूटर साइंस द्वितीय वर्ष को पुरस्कृत किया गया।

- ➢ Students were visited at Cylinder Private Limited at Ujjain to acquire knowledge of new technologies .

पत्रिका

# पॉलिटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया भोपाल का औद्योगिक भ्रमण



आगर-मालवा. भ्रमण के दौरान उपस्थित विद्यार्थीगण।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**आगर-मालवा.** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने ग्लोबल स्किल पार्क भोपाल का औद्योगिक भ्रमण किया। दौरे का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी कौशल और उद्योग में प्रचलित प्रक्रियाओं की वास्तविक जानकारी प्रदान करना था।

पार्क की ओर से गौरव कुलहरे एवं विवेक सिंह ने औद्योगिक प्रक्रियाओं, तकनीकी नवाचारों और प्रशिक्षण के पहलुओं पर जानकारी दी। पार्क में उपलब्ध अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं और तकनीकी पाठ्यक्रमों की बारीकियों से अवगत कराया। विवेक सिंह ने मशीन डिजाइनिंग, थ्रेडिंग तकनीकों के बारे में मार्गदर्शन दिया। वरिष्ठ ट्रेनर प्रवीण शर्मा ने इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्प्यूटर साइंस के बारे में जानकारी दी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. हितेंद्रसिंह तोमर ने दौरे को विद्यार्थियो के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। कॉलेज के कम्प्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष डीके चौरेशी, राजेश चौहान आदि उपस्थित थे।

29/09/2024 | Shajapur | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

➢ Students were visited at Global Skills Park at Bhopal to acquire future scopes in technology.

दैनिक भास्कर शाजापुर 22-09-2024

# छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण



भ्रमण के दौरान जानकारी लेते हुए।

भास्कर संवाददाता | आगर मालवा

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा के अंतिम वर्ष के यांत्रिकी (मैकेनिकल) इंजीनियरिंग के छात्रों ने हाल ही में फ्लेवराइट टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड इंदौर का औद्योगिक भ्रमण किया।

इस दौरे का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनके पाठ्यक्रम से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना और औद्योगिक प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव कराना था। फ्लेवराइट टेक्नोलॉजी के इस भ्रमण के दौरान उत्पादन इंजीनियर अपूर्व, अंशुल जैन और हेड ऑपरेशन्स राजीव सक्सेना ने छात्रों का स्वागत किया। उन्होंने छात्रों को कंपनी की अत्याधुनिक उत्पादन प्रक्रियाओं, सीएनसी मशीनिंग, स्वचालन और गुणवत्ता नियंत्रण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्रों को असेंबली और फैब्रिकेशन की प्रक्रियाओं का भी गहन अनुभव कराया गया। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के व्याख्याता अनिल पाटीदार तथा धर्मेंद्र यादव ने छात्रों का मार्गदर्शन किया और पूरे दौरे के दौरान उनके साथ रहे। विशेषज्ञों के साथ संवाद के दौरान छात्रों को उद्योग की वास्तविक चुनौतियों को समझने का अवसर मिला। साथ ही कॅरियर संबंधी मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर ने इस औद्योगिक भ्रमण को छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे दौरे न केवल छात्रों की व्यावहारिक समझ बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें भविष्य में सफल इंजीनियर बनने के लिए प्रेरित भी करते हैं। यह दौरा छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव साबित होगा।

➢ Students from the Department of Mechanical Engineering done industrial visit at flavrite Technology Pvt,Ltd

दैनिक भास्कर

# शाजापुर 22-09-2024

# कलेक्टर पहुंचे पॉलीटेक्निक कॉलेज, बच्चों से पूछा- कैसे वेस्ट सामग्री से बनाए पेवर ब्लॉक

## ब्लॉक जन भागीदारी समिति की बैठक ली दिए निर्देश

भास्कर संवाददाता | आगर मालवा

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा के बच्चों ने गत दिनों वैस्ट पॉलीथिन और प्लास्टिक की बोतल का उपयोग कर पॉलीथिन ब्लॉक का निर्माण किया था। बच्चों द्वारा तैयार पॉलीथिन ब्लॉक का गत दिवस कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कॉलेज में आयोजित जनभागीदारी समिति की बैठक में पहुंचकर निरीक्षण किया।

बच्चों से पॉलीथिन ब्लॉक बनाने के तरीके को जाना, यहां पीआईयू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से पूछा कि यह तैयार पॉलीथिन ब्लॉक अपने निर्माण कार्यों के लिए खरीदी कर लगवा सकते है। अधिकारियों द्वारा इन ब्लॉक में



वेस्ट पॉलीथिन का उपयोग कर बनाए पैवर ब्लॉक देखते कलेक्टर।

मजबूती कम बताते हुए और परीक्षण कर मजबूत बनाने के बाद क्रय करने की बात भी कही। कलेक्टर सिंह ने बताया कि संस्था के बच्चों का इस पर प्रयोग चल रहा है और मजबूती के लिए उनके द्वारा कार्य किया जा रहा है। पूर्णतः के बाद इन पॉलीथिन ब्लॉक के लिए आगामी योजना पर विचार-विमर्श किया जाएगा। पर्यावरण को प्रदूषित करने वाली सिंगल यूज पॉलीथिन और प्लास्टिक की बोतलें कॉलेज परिसर में आकर गंदगी करती दिखाई देने पर संस्था के छात्र अभिषेक विश्वकर्मा, निश्चय पाटीदार ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में इन वेस्ट सामग्री के साथ रेत का उपयोग कर प्रयोगशाला की मशीन से उच्चताप सहने योग्य तीन किलो वजनी पेवर ब्लॉक बनाए थे। यह पेवर ब्लॉक बाजार में उपलब्ध सीमेंट क्रांक्रीट के पॉलीथिन ब्लॉक से 30 फीसदी सस्ते होने के साथ गुणवक्ता पूर्ण होना बताया था। भास्कर ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इसके बाद कलेक्टर सिंह वहां पहुंचे थे और बच्चों को पॉलीथिन ब्लॉक मजबूत बनाने की दिशा के कार्य करने को कहा। इस दौरान कलेक्टर सिंह की अध्यक्षता में जन भागीदारी समिति की बैठक का आयोजन भी किया गया। बैठक में संस्था प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर ने समिति सदस्यों के समक्ष संस्था के आवश्यक कार्यों से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों को प्रस्तुत किया, जिसमें संस्था को अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता, विद्यार्थियों के लिए जिम निर्माण, पार्किंग व्यवस्था के लिए सेट निर्माण, छात्रों के औद्योगिक भ्रमण, संस्था के ब्रांच की संबद्धता आदि पर चर्चा की। बैठक में राजीव शर्मा, कोषालय अधिकारी मनीष सोलंकी, अग्रणी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रेखा गुप्ता, सीएम राइस स्कूल के प्राचार्य संजीव उपाध्याय सहित छात्रों के अभिभावक मौजूद थे।

➢ Students from the Department of Civil Engineering done Project of Pevar block with the help of waste material.

5b967b26b8eblob:https://web.whatsapp.com/b1d9a313-0c79-4bb8-93be-f5b967b26b8e

दैनिक भास्कर शाजापुर 12-05-2025

# आगर मालवा की छात्रा कल्पना ने भोपाल में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



प्रदर्शन के दौरान अतिथि व अन्य उपस्थितजन।

भास्कर संवाददाता | आगर मालवा

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा आयोजित सृजन इनोवेट एमपी 2025 कार्यक्रम भोपाल में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा की सिविल ब्रांच की छात्रा कल्पना गवली ने अपने प्रोजेक्ट फोटो कैटालिटिक डिग्रेडेटर की प्रस्तुति तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के सम्मुख दी।

कार्यक्रम में कल्पना गवली ने अपने प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए बताया कि कैसे यह प्रोजेक्ट पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। प्रोजेक्ट के मेंटर संस्था प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि फोटो कैटालिटिक डिग्रेडेटर प्रोजेक्ट का उद्देश्य पर्यावरण में मौजूद हानिकारक रसायनों को नष्ट करना है। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से गवली ने अपने तकनीकी कौशल और रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सिविल डिपार्टमेंट से मेघा जायसवाल और रविंद्र सोनी ने इस प्रोजेक्ट को बनाने में छात्रा का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था से कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष ध्रुवेंद्र चौरिषी उपस्थित थे। संस्था के प्राचार्य तोमर ने कहा कि यह उपलब्धि संस्था के लिए गर्व की बात है।

Date 11/5/2025




Date 11/5/2025




Date 11/5/2025




Date 11/5/2025